हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
04 अगस्त 2024, समय 1810

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीसों घंटे जलापूर्ति की एक प्रायोगिक परियोजना का उद्घाटन किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज पंचकूला में "एक पेड़ माँ के नाम" थीम पर आयोजित राहगिरी कार्यक्रम में वृक्षारोपण कर पेड़ लगाने का संदेश दिया।
- भारतीय जनता पार्टी ने आज कुरूक्षेत्र की अनाज मंडी से विधानसभा चुनाव में जीत के लिए शंखनाद किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज कुरूक्षेत्र में किसानों के 133 करोड़ रुपये का आबियाना माफ करने और 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का ऐलान किया।
- भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में ग्रेट ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज चंडीगढ के मनीमाजरा में चौबीसों घंटे जलापूर्ति की एक प्रायोगिक परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद रहे। श्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि इस परियोजना से मनीमाजरा के लगभग एक लाख लोगों को लाभ होगा।

यह परियोजना, स्मार्ट सिटी मिशन का हिस्सा है जिसका उद्देश्य लगातार उच्च दवाब के साथ जलापूर्ति के माध्यम से जल भंडारण को कम करते हुए पानी को बर्बाद होने से बचाना है। परियोजना का अन्य उद्देश्य पानी के लीकेज में कमी, स्मार्ट मीटरिंग, भू-जल पर सीमित निर्भरता और ऊर्जा खपत की निगरानी के माध्यम से जल संसाधन में वृद्धि करना है। इस परियोजना के लिए 22 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है और प्रतिदिन दो मिलियन गैलन क्षमता वाले दो भूमिगत जलाशय भी बनाए गए हैं। इससे पहले गृहमंत्री ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सचिवालय में नये आपराधिक क़ानूनों के अंतर्गत विकसित की गई नई राष्ट्रीय ऐप ई-साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई-सम्मन जारी कीं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में एक पेड़ मां के नाम थीम पर आयोजित राहगीरी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया। मुख्यमंत्री ने जिला खेल विभाग द्वारा आयोजित साइकिल रैली में स्वयं साइकिल चलाकर राहगीरी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ,मेयर कुलभूषण

गोयल भी साइकिल चलाकर कार्यक्रम के मुख्यद्वार तक पहुंचे, जहां पर कलाकारों ने पारम्परिक ढोल-नगाड़े और बीन के साथ उनका स्वागत किया। पंचकूला शहर के लोग , स्कूली बच्चे, और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय स्कूल के बच्चों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को खेलो और पर्यावरण संरक्षण के बारे जागरूक किया गया। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वृक्षारोपण कर सभी को 'एक पेड़ मां के नाम ' पर लगाने और उसका सरंक्षण करने का संदेश दिया और पर्यावरण को को बचाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ताइक्वांडो पैरा वर्ल्ड चैम्पियनशीन 2023 के स्वर्ण पदक विजेता जतिन बिश्नोई और ताइक्वांडो वर्ल्ड चैम्पियनशीप 2022 में रजत पदक विजेता अरण्य ठाकुर को सम्मानित किया। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें गर्व है कि हरियाणा की बेटी मनु भाकर और बेटे सरबजोत सिंह ने पैरिस में चल रहे ओलम्पिक खेलों में शूटिंग प्रतियोगिता में पदक पर निशाना लगाकर हरियाणा का गौरव देश व विदेश में बढ़ाया है।

भारतीय जनता पार्टी ने आज कुरुक्षेत्र की नई अनाज मंडी में विजय शंखनाद रैली का आयोजन कर आगामी विधानसभा चुनाव में विजय के लिए शंखनाद किया। रैली में मुख्यथिति मुख्यमंत्री नायब सैनी रैली सहित हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कृष्ण लाल पंवार, हरियाणा प्रभारी सतीश पुनिया, सह प्रभारी सुरेंद्र नारंग, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, सहित प्रदेश के सभी बड़े नेताओं ने भाग लिया। इस दौरान मंच से बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा सरकार ने प्रदेश में हजारों करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए हैं और अकेले कुरुक्षेत्र में ही करोड़ों रुपए से विकास कार्य किए गए हैं और कई अभी भी जारी है। श्री विप्लव कुमार देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हरियाणा में अनेकों विकास कार्य करवाए हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी 90 की 90 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की आलोचना की। कांग्रेस के बारे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल बाप बेटे तक सीमित रह गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह गुरुद्वारा छठी पातशाही में नतमस्तक हुए और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की रैली में मंच से कई बड़ी घोषणाएं भी की। उन्होंने किसानों के आज तक के आबियाने के 133 करोड़ के बकाये की माफी का ऐलान किया और केंद्र सरकार की तर्ज पर प्रदेश में 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि 2023 से पहले फसलों के प्राकृतिक आपदा से ख़राबे के 137 करोड़ रूपये एक सप्ताह में दे दिए जाएँगे। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के ट्रांसफार्मर बिजली निगमों द्वारा लगाए गए हैं, उनके खराब होने पर ये ट्रांसफार्मर निगमों द्वारा अपने खर्चे पर बदले जाएंगे और किसानों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। ट्यूबवैल के लिए 3 तारा मोटर बेचने वाली देशभर की सभी कंपनियां विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकेंगी और किसान किसी भी कंपनी की तीन तारा मोटर खरीद पाएंगे।

भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में ग्रेट ब्रिटेन को हराकर सेमिफाइनल में जगह बना ली है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को शूटआउट में 4-2 से हराया। मैच की जीत - हार शूटआउट से तय हुई, क्योंकि निर्धारित 90 मिनट पर दोनों टीम एक-एक की बराबरी पर थीं। हॉकी खिलाड़ी हार्दिक सिंह ने पेरिस में आकाशवाणी समाचार से जीत की खुशी साझा की।

अब भारत का मुकाबला परसों जर्मनी और अर्जेंटीना के बीच मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम से होगा।

होडल से विधायक जगदीश नायर ने आज गांव गुधराना में करीब 88 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इन विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाया जाएगा और इनके पूर्ण होने पर स्थानीय लोगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सबका साथ-सबका विकास की भावना से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।